# करेंट अफेयर्स
## एक नजर
### 08 अक्टूबर 2021

## राष्ट्रीय

### 1. पीएम मित्र पार्क

**चर्चा में क्यों –** केंद्र सरकार ने 2021-22 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप 7 पीएम मित्र पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी।

**पार्क का विजन -** आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने के दृष्टिकोण को साकार करना।

**पीएम मित्र पार्क –** यह प्रधानमंत्री मोदी के 5एफ विजन से प्रेरित है। '5एफ' फॉर्मूला में- फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरिन शामिल हैं।

**विकास पूंजी सहायता राशि -** समान बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सभी ग्रीनफील्ड पीएम मित्र को अधिकतम विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) 500 करोड़ रूपए और ब्राउनफील्ड पीएम मित्र को अधिकतम 200 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे।

**प्रतिस्पर्धात्मकता प्रोत्साहन सहायता राशि -** पीएम मित्र में कपड़ा निर्माण इकाइयों की शीघ्र स्थापना के लिए प्रत्येक पीएम मित्र पार्क को प्रतिस्पर्धात्मकता प्रोत्साहन सहायता (सीआईएस) के रूप में 300 करोड़ रूपए भी प्रदान किए जाएंगे।

**महत्व -** यह एकीकृत दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था में वस्त्र क्षेत्र के विकास को और आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगा।

### 2. द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड चिल्ड्रन 2021 रिपोर्ट जारी

**रिपोर्ट जारी करने वाला राजनेता -** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया

**जारी करने की तिथि -** 5 अक्टूबर, 2021

**द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड चिल्ड्रन 2021 रिपोर्ट –** यह यूनिसेफ का वैश्विक प्रमुख प्रकाशन है।

**रिपोर्ट का मुख्य फोकस -** इस रिपोर्ट में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर COVID-19 महामारी के प्रभाव पर फोकस किया गया है।

**रिपोर्ट संबंधी मुख्य बिंदु :**

15 से 24 वर्ष के 14 प्रतिशत युवा डिप्रेशन से गुजर रहे हैं।

21 देशों के औसत के हिसाब से हर पांच में से एक बच्चे को डिप्रेशन है।

जापान और इथोपिया जैसे देशों में जहां हर 10 में से 1 बच्चे को डिप्रेशन है तो वहीं भारत में हर 7 में से एक बच्चा डिप्रेशन का शिकार है।

विश्वभर में 10 से 19 वर्ष के हर 7 में से एक बच्चे को कोई ना कोई घोषित मानसिक परेशानी है। यानी इलाज और जांच के जरिए उसे मानसिक तौर पर बीमार पाया गया है।

इंडियन जर्नल ऑफ साइकेट्री की 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कोरोना महामारी के दौर से पहले भी तकरीबन 5 करोड़ बच्चों को कोई ना कोई मानसिक परेशानी रही है और इनमें से तकरीबन 90 प्रतिशत ने इलाज करने के बारे में नहीं सोचा।

## बिहार स्पेशल न्यूज

### 3. गंगाजल उद्वह योजना

**चर्चा में क्यों –** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगाजल उद्वह योजना के तहत सभी लोगों को शीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

**गंगाजल उद्वह योजना –** इस योजना के अंतर्गत राजगीर, गया, बोधगया और नवादा में सभी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

यह योजना जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही है।

## 4. दानापुर रेलमंडल

**चर्चा में क्यों –** प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पूर्व-मध्य रेल के दानापुर मंडल रेल अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का शिलान्यास किया।

**पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता –** प्रति मिनट 500 लीटर

**विशेष –** यह प्लांट पाइपलाइन के सहारे 100 बेडों पर ऑक्सीजन आउटलेट से जुड़ सकता है।

**लाभ –** इस प्रणाली से रोगियों के उपचार के लिए बार-बार सिलेंडर भरने की आवश्यकता नहीं होगी।

**अन्य शिलान्यास -** दानापुर पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के अलावा सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडल के रेल अस्पताल तथा सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का शिलान्यास किया गया।

# अर्थव्यवस्था

## 5. केरल का कटहल, पैशन फ्रूट तथा जायफल

**चर्चा में क्यों -** केरल के त्रिशूर का कटहल, पैशन फ्रूट (सलीबी फल) तथा जायफल से बने पोषण समृद्ध उत्पादों की पहली खेप मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) को निर्यात किया गया।

**निर्यात करने वाला संस्थान -** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

**केरल का राज्य फल -** मार्च, 2018 को कटहल को केरल का राज्य फल घोषित किया गया था।

**कटहल -** यह उष्णकटिबंधीय फल है जिसमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन तथा खनिज अवयवों की प्रचुरता होती है।

**भारत से कटहल के अन्य निर्यात गंतव्य देश -** सिंगापुर, नेपाल, कतर, जर्मनी आदि।

**पैशन फ्रूट –** यह एक पौष्टिक उष्णकटिबंधीय फल होता है जो एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन तथा फाइबर से भरपूर होता है।

## 6. व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना

**चर्चा में क्यों –** हाल ही में कपड़ा मंत्रालय ने "व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना" (Comprehensive Handicrafts Cluster Development Scheme – CHCDS) को जारी रखने की मंजूरी दी है।

**स्वीकृत कुल परिव्यय -** 160 करोड़ रुपये

**विस्तारित योजनावधि –** मार्च, 2026 तक

**व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना -** इसके तहत हस्तशिल्प कारीगरों को ढांचागत सहायता, डिजाइन और प्रौद्योगिकी उन्नयन, बाजार पहुंच आदि प्रदान की जाती है।

**योजना का उद्देश्य -** देश के दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों गरीब कारीगरों के जीवन स्तर में सुधार लाना और रोजगार के अवसर बढ़ाना।

# रक्षा/प्रतिरक्षा

## 7. जिमेक्स-21 अभ्यास आरम्भ

**अभ्यास में भाग लेने वाले देश –** भारत और जापान

**अभ्यास स्थल -** अरब सागर

**संस्करण -** 5वां संस्करण

**उद्देश्य -** परिचालन प्रक्रियाओं की साझा समझ विकसित करना और समुद्री संचालन के पूरे स्पेक्ट्रम में उन्नत अभ्यासों के माध्यम से अंतर-संचालन को और बढ़ाना है।

**जिमेक्स-21 अभ्यास –** इस अभ्यास में दोनों देशों के नौसैनिक बल हथियार फायरिंग, सतह, पनडुब्बी रोधी और वायु युद्ध अभ्यास और क्रॉस-डेक हेलीकॉप्टर संचालन का प्रदर्शन किया गया।

यह अभ्यास विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा सहयोग पर केंद्रित था।

**दोनों नौसेनाओं का प्रतिनिधित्व -** स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ डिस्ट्रॉयर कोच्चि और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट तेग (भारत) और JMSDF कागा, एक गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर, एक इज़ुमो क्लास हेलीकॉप्टर कैरियर (जापान)

**प्रथम नौसेना अभ्यास –** जनवरी, 2012 में आयोजित

# विविध (पुरस्कार)

## 8. भौतिकी के नोबल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा

**घोषणा करने वाला संस्थान -** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

**वर्ष 2021 भौतिकी के नोबल पुरस्कार विजेता -** स्यूकुरो मनाबे (जापान), क्लोस हेसलमेन (जर्मनी) और जियॉर्जियो पेरिसी (इटली)

**सम्मान का कारण -** इन तीनों वैज्ञानिकों को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जटिल फिजिकल सिस्टम को बेहतर ढंग से समझने में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया है।

**पुरस्कार का पहला भाग –** पुरस्कार के पहले भाग के लिए स्यूकुरो मनाबे (90) और क्लॉस हैसलमैन (89) को 'पृथ्वी की जलवायु की भौतिक 'मॉडलिंग', ग्लोबल वॉर्मिंग के पूर्वानुमान की परिवर्तनशीलता और प्रामाणिकता के मापन' क्षेत्र में उनके कार्यों के लिए चुना गया है।

**पुरस्कार का दूसरा भाग –** पुरस्कार के दूसरे भाग के लिए जॉर्जियो पारिसी (73) को 'परमाणु से लेकर ग्रहों के मानदंडों तक भौतिक प्रणालियों में विकार और उतार-चढ़ाव की परस्पर क्रिया की खोज' के लिए चुना गया है।

**स्यूकूरो मनाबे -** अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में सीनियर अंतरिक्ष विज्ञानशास्त्री हैं। इससे पहले उन्होंने रेडिएशन बैंलेंस का पता लगाया था और ऐसा **करने वाले वो पहले वैज्ञानिक** थे।

**क्लॉस हैसलमैन -** हैसलमैन जर्मनी की Max Planck Institute for Meteorology में प्रोफेसर हैं। इन्होंने एक मॉडल बनाया है, जो मौसम और जलवायु को एक साथ जोड़ता है।

**जॉर्जियो पारिसी –** जॉर्जियो Sapienza University of Rom में प्रोफेसर हैं। इन्होंने अव्यवस्थित जटिल मैटेरियल में छिपे हुए कई पैटर्न की खोज की।

**पुरस्कार -** एक स्वर्ण पदक और एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर (करीब 11.4 लाख अमेरिकी डॉलर)

## विविध (निधन)

### 9. अरविंद त्रिवेदी

**चर्चा में क्यों –** रामानंद सागर कृत रामायण के चर्चित अभिनेता अरविंद त्रिवेदी का 82 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया।

**प्रसिद्धि –** धारावाहिक रामायण में लंकेश उर्फ़ रावण की जोरदार अभिनय से उन्हें काफी प्रसिद्धि मिली

**जन्म –** 08 नवंबर, 1938

**जन्मस्थल –** इंदौर (मध्य प्रदेश)

**राजनीतिक करियर –** अरविंद वर्ष 1991 से 1996 तक गुजरात की साबरकांठा लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद रहे।

# करेंट अफेयर्स
## एक नजर
### 08 अक्टूबर 2021

- मध्य प्रदेश में किस योजना के तहत 1,71,000 लाभार्थियों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किया गया है – स्वामित्व (SVAMITVA) योजना
- SVAMITVA का पूरा नाम है - Survey of Villages and Mapping with Improvised Technology in Village Areas
- केंद्र सरकार ने दूरसंचार सेवा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत कितना प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को अधिसूचित किया गया है – 100 प्रतिशत
- हाल ही में किस राज्य सरकार ने भारत का पहला ई-फिश मार्केट एप्प 'फिशवाले' लॉन्च किया है - असम सरकार
- पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का हाल ही में किस कर्ज में डूबी कंपनी के साथ विलय हो गया है - दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (DHFL)
- हाल ही में किस वैश्विक संगठन ने "बच्चों के लिए आवश्यक दवाओं की मॉडल सूची" का नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया है - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)